>

Title: Need to construct bridges on 500 km. stretch over a river passing through Uttar Pradesh, Jharkhand and Bihar.

श्री कामेश्वर बैठा (पलामू): माननीय सभापति जी, मुझे सदन में शून्य काल में बोलने का जो मौका दिया है, उसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं। मैं सदन के माध्यम से भारत सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा कि बाबू जगजीवन द्वारा बनाए गए इन्द्रपुरी बराज से डेहरी ओनसोन, जो कराकाट लोकसभा क्षेत्र में पड़ता है और उत्तर प्रदेश के सोनभद्र के चोपन में एकमात्र पुल है, सासाराम के संसदीय क्षेत्र में यानी डेहरी ओनसोन में, जिसकी दूरी लगभग साढ़े चार सौ किलोमीटर है। कराकाट, डेहरी ओनसोन से लेकर झारखंड के पलामू लोकसभा, गढ़वा और उत्तर प्रदेश के बीच में कहीं भी पुल नहीं है। मैं आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहूंगा कि वहां के जनहित को देखते हुए, मेरा संसदीय क्षेत्र अति पिछड़ा है, गरीब क्षेत्र है, भुखमरी का क्षेत्र है, उग्रवादियों का क्षेत्र है, जिसमें तीन लोकसभा यानी उत्तर प्रदेश का एक लोकसभा क्षेत्र और बिहार के दो लोकसभा क्षेत्र हैं, एक कराकाट लोकसभा क्षेत्र और दूसरा माननीय अध्यक्ष महोदया मीरा कुमार जी का संसदीय क्षेत्र सासाराम है और इसके साथ पलामू का लोकसभा क्षेत्र हैं, इन तीन-चार लोकसभा क्षेत्रों में जनता के लिए आने-जाने के लिए सोन नदी पर कोई सड़क पुल नहीं है। मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान कराऊंगा और निवेदन करूंगा कि वहां तत्काल जनहित में पुल बनाया जाए। उसके लिए हमने जगह भी चिन्हित करके दी है। सासाराम लोकसभा का नोहरा प्रखंड के फड़ुका गांव और पलामू लोकसभा के प्रखंड भवनाथपुर के श्रीनगर गांव के बीच की दूरी कम है और नदी के दोनों ओर पीडब्ल्यूडी की सड़क नदी के किनारे निर्मित है, जो काफी कम चौड़ाई में बनेगी। इसकी काफी कम लागत आएगी। मैं सरकार से मांग करता हूं तत्काल वहां पर पुल निर्माण किया जाए, ताकि जनता को काफी फायदा हो सके और लोगों के आवागमन के लिए रास्ता खुल सके। इन्हीं बातों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।